माननीय सभापति : नियम 377 के अधीन सभा पटल पर रखे जाने वाले मामलों के संबंध में जिनको अनुमति प्रदान की गई है, वे अपने मामले के अनुमोदित पाठ को तुरन्त ही व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर रख दें।

Title: Regarding Resumption of Railway Services from Goner Phatak Railway Station-Laid.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान अपने निर्वाचन क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण विषय गोनेर फाटक की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ ।

प्रधानमंत्री सांसद आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत चयनित ग्राम पंचायत बड़ी का बास (सांगानेर) में स्थित गोनेर फाटक रेलवे स्टेशन पूर्व में संचांलित था लेकिन वर्तमान में क्रियाशील नहीं होने के कारण इस क्षेत्र में स्थित अनेक औद्योगिक ईकाइयों, शैक्षिणिक संस्थानों एवं अनेक विकसित कॉलोनिवासियों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पडता है। अत: गोनेर फाटक स्टेशन को प्रारम्भ करने की घोषणा कर इस स्टेशन पर पैसेन्जर एवं एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव किया जाये जिससे कि सभी लोगों को रेलवे सुविधाओं का लाभ मिल सके ।